प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो यात्रा (3-4 जुलाई 2025)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के निमंत्रण पर 3 से 4 जुलाई 2025 तक त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की आधिकारिक यात्रा की। यह यात्रा 26 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा थी और 1845 में भारतीय प्रवासियों के आगमन की 180वीं वर्षगांठ पर हुई।



- इस यात्रा के दौरान, दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, आईसीटी, शिक्षा, कृषि, व्यापार और सांस्कृतिक सहयोग जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौतों और एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी को त्रिनिदाद एवं टोबैगो का सर्वोच्च नागरिक सम्मन "ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक" प्रदान किया गया।
- दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी साझी प्रतिबद्धता व्यक्त की और डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का भी संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो को यूपीआई अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश बनने पर बधाई दी।
- उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को भी बढ़ावा दिया, जिसमें त्रिनिदाद और टोबैगो के छात्रों के लिए भारत में स्कॉलरशिप की घोषणा की और 2000 लैपटॉप उपहार में देने का वचन दिया। इसके अतिरिक्त, कृषि और खाद्य सुरक्षा पर भी चर्चा हुई, और खाद्य प्रसंस्करण के लिए भारत से 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की कृषि मशीनरी प्रदान की गई।

- प्रधानमंत्री मोदी ने विकास सहयोग को बढ़ावा देने के लिए क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स पर सहमति जताई। त्रिनिदाद और टोबैगो में स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए भी कृत्रिम अंग शिविर और हेमोडायलिसिस इकाइयाँ स्थापित करने का निर्णय लिया गया।
- इस यात्रा ने भारत-त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच संबंधों को मजबूत किया और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को एक नए मुकाम पर पहुँचाया।

प्रश्न: त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासियों के आगमन की 180वीं वर्षगांठ किस वर्ष मनाई गई?

- A) 2023
- B) 2025
- C) 2024
- D) 2022

सही उत्तर: B) 2025

- व्याख्या: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो यात्रा 2025 में हुई, जो भारतीय प्रवासियों के त्रिनिदाद और टोबैगो में आगमन की 180वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई थी।